दिनांक-08.01.2025 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणीए भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा-पूरे देश में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाएंगे।
- युवाओं के समग्र विकास के लिए सरकार 12 जनवरी से शुरू करेगी स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन।
- प्रदेश में पंजीकृत गौशालाओं में रहने वाले पशुओं का अनुदान हुआ दोगुना।
- 28वें राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का समापन आजए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल।

गडकरी - सडक सुरक्षा

केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे भारत में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने के लिए एक योजना घोषित की है। इसके तहत संस्थान की स्थापना के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करायी जायेगी। स्वचालित परीक्षण केंद्र और चालक प्रशिक्षण संस्थान की एकीकृत अवसंरचना के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी।

श्री गडकरी ने कहा कि देश में कुशल चालकों की कमी है तथा सरकार और अधिक चालक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध है। श्री गडकरी ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों के साथ हुई बैठक में सडक सुरक्षा पर प्राथमिक रूप से विचार विमर्श हुआ।

स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन

राज्य मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के युवाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास के उद्देश्य से स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन प्रारंभ करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में चार मिशन अन्नदाता (किसान) कल्याणए युवा शक्तिए नारी शक्ति और गरीब कल्याण को लागू करने की घोषणा की थी। स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति मिशन स्वामी विवेकानन्द की जयंती 12 जनवरी के अवसर पर प्रारंभ किया जायेगा। मिशन के तीन प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए गये है। पहला लक्ष्य-प्रत्येक युवाओं की आय का स्तर न्यूनतम कुशल श्रेणी श्रमिक की दर के बराबर लक्षित करना। दूसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को कक्षा 12वीं तक के स्तर तक शिक्षा पूरी कराने के लिये प्रयास करना। तीसरा लक्ष्य-प्रत्येक युवा को समाज के हित में सामाजिक पहल का हिस्सा बनाना है।

अंतर्राष्ट्रीय जल और पर्यावरण सम्मेलन

अमरीकन सोसायटी ऑफ सिविल इंजीनियर्स और जल संसाधन विभाग द्वारा भोपाल में आज से तीन दिवसीय 12 वां अंतर्राष्ट्रीय जल और पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय है “जलवायु परिवर्तन के अनुकूल सतत और मजबूत जल बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। सम्मेलन से पहले 45 सदस्यीय दल तकनीकी भ्रमण पर कुंडलिया डैमए राजगढ़ पहुंचा। इस दौरान परियोजना प्रशासक और अधीक्षक यंत्री विकास राजोरिया ने संयुक्त दल के सामने मोहनपुरा कुंडलियां प्रोजेक्ट के निर्माण से लेकर किसान के खेत तक पहुंचने वाले सिंचाई के पानी के तरीके को बताया।

भोपाल साहित्य नगरी

भोपाल को यूनेस्को में विश्व की साहित्य नगरी के रूप में पहचान दिलाई जाएगी। इससे भोपाल के साहित्य और साहित्यकारों को वैश्विक मंच मिलेगा। इससे भोपाल के शैक्षणिकए सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को गति मिलेगी। महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय ने भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित किए जाने के लिए एप्लीकेशन और डिक्लेरेशन पर हस्ताक्षर किए। प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि यूनेस्को की क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में भोपाल को साहित्य के क्षेत्र में नामित करने का प्रयास किया जा रहा है। यूनेस्को ने साहित्य के क्षेत्र में 39 देशों के 53 शहरों को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल किया है।

पशु अनुदान बढ़ा

प्रदेश में पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पंजीकृत गौशालाओं में रहने वाले पशुओं का अनुदान 20 रुपए प्रति दिन प्रति पशु से बढ़ाकर 40 रुपए किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादकों को बोनस दिए जाने की भी सरकार की योजना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश में संचालित सभी गौ-शालाओं का निरीक्षण करवाया जाए। अनुदान की राशि का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने घरों में गौ-वंश पालने के लिए भी शीघ्र योजना बनाने के निर्देश दिए।

प्रदेश के बड़े नगरों भोपालए इंदौरए जबलपुर की तरह अन्य बड़ी नगर पालिकाओं में भी आधुनिक गौ-शालाओं का निर्माण किया जाएगा। गौरतलब है कि 20वीं पशु संगणना के अनुसार प्रदेश में एक करोड़ 87 लाख गौ-वंश है।

## पार्थ योजना

प्रदेश में युवाओं को पुलिस एवं आर्मी में रोजगार के लिए तैयार करने के लिये पार्थ च्वसपबम ।तउल त्मबतनपजउमदज त्तंपदपदह - भ्नदंत योजना तैयार की गई है। योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राज्य स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में करेंगे। योजना में प्रदेश के युवाओं को भारतीय सेनाए पुलिसए पैरा मिलिट्री आदि में रोजगार उपलब्ध कराने के लिये भर्ती पूर्व शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षण योजना संभाग स्तर पर संचालित की जायेगी।

खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश के सभी युवाओं को एक प्लेटफार्म पर जोड़ने के लिए एमपीवायपी पोर्टल भी तैयार किया जा रहा है।

## युवा महोत्सव समापन

28वें राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का समापन आज होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विकसित भारत 2047 कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्तरों पर आयोजित प्रतियोगिताओं में से चयनित 45 युवाओं से संवाद करेंगे। ये चयनित 45 युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भारत मंडपम दिल्ली में 11 एवं 12 जनवरी को विकसित भारत के निर्माण में अपने दृष्टिकोण और विचार सांझा करेंगें। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में भाषण में ग्वालियरए कहानी लेखन में रीवाए पेंटिंग में जबलपुरए कविता लेखन में मुरैनाए विज्ञान मेला में जबलपुरए समूह लोकगीत में सागरए समूह लोकनृत्य में ग्वालियर संभाग विजेता बना है।

## 18वां प्रवासी भारतीय दिवस

18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आज भुवनेश्वर में शुरू होगा। ओडिशा सरकार इसमें 50 देशों से भारत आने वाले अनिवासी भारतीयों के सामने राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत का प्रदर्शन करेगी। सम्मेलन की शुरुआत युवा प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम से होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन सत्र में हिस्सा लेंगे जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी। प्रवासी दिवस का विषय है विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान। इससे पहले प्रवासी भारतीय दिवस वार्षिक सम्मेलन इंदौर में जनवरीए 2023 में आयोजित किया गया था।

## खो-खो विश्व कप 2025

खो-खो विश्व कप 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय ओलंपिक संघ के सहयोग से खो-खो प्रतियोगिता के पहले संस्करण में 20 पुरुष और 19 महिला टीमें भाग लेंगी।

## समाचार संक्षेप में .....

- भोपाल स्थित भोज मुक्त विश्वविद्यालय कॉमनवेल्थ एजुकेशनल मीडिया सेंटर फॉर एशिया के साथ मिलकर किसानों के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का प्रशिक्षण देगा।
- धार जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में 'बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान- एफ एल एन मेले का आयोजन 11 जनवरी को किया जाएगा।
- खरगोन में लोकमाता अहिल्या देवी के जन्म त्रयोदशी वर्ष के उपलक्ष्य में आज से राधाकुंज परिसर दो दिवसीय सिक्का प्रदर्शनी का शुभारम्भ होगा।

- छतरपुर जिले में 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिससे जिले को हांथी पांव की बीमारी से मुक्त किया जा सके।
- मुरैना जिले के नशा मुक्ति केन्द्र बानमौर में एकीकृत स्वास्थ्य जांच शिविर अभियान आयोजित किया गया।
- राजगढ में खाद्य सुरक्षा से संबंधित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आज दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।
- डिंडौरी में नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शासकीय एकीकृत हाई स्कूल विदयपुर में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- नीमच जिले की ग्राम पंचायत चल्दू में बाछड़ा समुदाय एवं अन्य महिलाओं के लिए पांच दिवसीय बंधेज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं।
- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 5 रोगियों के लिए पोषण आहार की फूड बास्केट प्रदान की।

----